जय जय हे जगदम्बे माता,
द्वार तिहारे जो भी आता,
बिन माँगे सबकुछ पा जाता,
जय जय हें जगदम्बे माता,
जय जय हे जगदम्बे माता।।

तू चाहे तो जीवन दे दे,
चाहे पल में जीवन ले ले,
तू चाहे तो जीवन दे दे,
चाहे तो पल में जीवन ले ले,
जन्म मरण सब हाथ में तेरे,
हे शक्ति हे माता,
जय जय हें जगदम्बे माता,
जय जय हे जगदम्बे माता।।

पापी हो या कोई पुजारी,
राजा हो या कोई भिखारी,
पापी हो या कोई पुजारी,
राजा हो या कोई भिखारी,
फिर भी तूने जोड़ा सबसे,
माँ बेटे का नाता,
जय जय हें जगदम्बे माता,
जय जय हे जगदम्बे माता।।

जब जब जिसने तुझको पुकारा,
जब जब जिसने तुझको पुकारा,
तूने दिया है बढ़के सहारा,
हर भूले राही को तेरा,
प्यार ही राह दिखाता,
जय जय हें जगदम्बे माता,
जय जय हे जगदम्बे माता।।

जय जय हे जगदम्बे माता,
द्वार तिहारे जो भी आता,
बिन माँगे सबकुछ पा जाता,
जय जय हें जगदम्बे माता,
जय जय हे जगदम्बे माता।।

Singer : Lata Ji

Source: https://www.bharattemples.com/jai-jai-hey-jagdambe-mata-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw